P.P. Goel have recognised the need for making the rural health service a desirable and positive experience for the medical graduates. They have suggested that because of the lack of rural orientation and understanding of the community health needs on the part of fresh graduates, it would be appropriate to post senior doctors working at the district and tehsil hospitals to serve at the PHCs and the fresh graduates posted during this period at the district and tehsil hospitals. Further, the committee have observed that the fresh graduates should be given an option to perform rural health service within the first five years of their graduation.

श्रमिकों के कल्याण के लिए नई नीति

1443. **श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा :** क्या संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए श्रमिकों को अधिकतम लाभ देने के लिए श्रमिकों के कल्याण के लिए बनाई नई नीति का ब्योरा क्या है ?

संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री (श्री रवीन्द्र वर्मा) : श्रमिकों के साथ न्यायोचित व्यवहार की अपनी नीति के अनुसार सरकार यह प्रयास कर रही है कि सभी श्रमिकों, जिनमें ग्रामीण तथा असंगठित श्रमिक भी शामिल है, का जीवनस्तर शिष्ट बने । इस संबंध में सरकार द्वारा उठाए गए कुछ कदमों में आपात स्थिति के दौरान श्रमिकों के साथ किए गए अन्याय को समाप्त करना, अनिवार्य जमा योजना के अन्तर्गत महंगाई भत्ते के भुगतान के रोके जाने को बन्द करना, 1977 के लिए न्यूनतम बोनस को बहाल करना और आपात स्थिति के दौरान बोनस भुगतान अधिनियम की परिधि से बाहर रखे गए श्रमिकों के वर्गों को उसकी परिधि में लाना, प्रबन्ध और इक्विटी में श्रमिकों की सहभागिता के बारे में समिति नियुक्त करना और असंगठित श्रमिकों संबंधी सम्मेलन आयोजित करना शामिल है । उद्योग में शान्ति तथा सौहार्द लाने तथा अबाध उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए सरकार का विचार एक व्यापक औद्योगिक सम्बन्ध विधेयक पेश करने का है ।

उत्तर प्रदेश में डाकघरों, टेलीफोन एक्सचेंजों और सार्वजनिक टेलीफोनों की संख्या में वृद्धि

1444. **श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जनसंख्या की दृष्टि से उत्तर प्रदेश में डाकघरों, टेलीफोन एक्सचेंजों और सार्वजनिक टेलीफोनों की संख्या में वृद्धि अन्य राज्यों की तुलना में अपेक्षाकृत कम रही है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और चालू वित्तीय वर्ष के लिए उत्तर प्रदेश के लिए कितना लक्ष्य निर्धारित किया गया है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साय) :

(क) (i) डाकघर

उत्तर प्रदेश में डाकघरों की कुल संख्या 15 825 है । यह संख्या सभी राज्यों में सबसे अधिक है । डाक यातायात की वृद्धि सिर्फ आबादी बढ़ने पर ही निर्भर नहीं करती इसलिए यह जरूरी नहीं है कि डाकघरों की वृद्धि आबादी की वृद्धि के अनुपात में हो ।

(ii) टेलीफोन एक्सचेंज और सार्वजनिक टेलीफोन घर

टेलीफोन एक्सचेंज केवल टेलीफोन की मांग के आधार पर खोले जाते हैं आबादी के आधार पर नहीं खोले जाते । वर्ष 1976-77 में उत्तर प्रदेश में 17.4 प्रतिशत और दूसरे राज्यों में 82.6 प्रतिशत नए टेलीफोन एक्सचेंजों की वृद्धि हुई थी जबकि उत्तर प्रदेश